DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NEW DELHI | WEDNESDAY, 14 DECEMBER, 2022

DATED

Housing Scheme 2021: DDA to hold draw of lots for waitlisted applicants on Dec 15

NEW DELHI: Delhi Development Authority has decided to conduct the draw of lots for allotment of flats for waitlisted applicants under the Special Housing Scheme 2021 on December 15, officials said on Tuesday.

The draw will be based on random number generation system and will be held in the presence of independent observers comprising a retired judge and senior officers of the central government, the DDA said in a statement.

"The general public can view the live telecast of the draw on December 15 from 3 pm onwards through webex platform. The meeting no. of Web-ex id 2510 910 7937 and password is 12345," it said.

The scheme was launched on December 23, 2021 and closed on March 10, 2022.

As many as 18,335 flats of different categories in Dwarka, Narela, Rohini and Jasola, among other places, were offered under the scheme. These flats are those which remained "unsold in previous housing schemes" of the urban body.

The DDA had made the announcement for the scheme via a newspaper advertisement in which it said the flats were being sold at "discounted prices".

The DDA on April 18 had conducted a draw of lots for the scheme for applicants, which was live-streamed.

"DDA initially placed 18,335 flats located in 28 localities under the scheme. In response to it, only 12,387 applicants have deposited requisite registration fee, although around 22,100 got themselves registered," the DDA had earlier said. MPOST

राष्ट्रीय सहारा

डीडीए की विशेष आवासीय योजना का ड्रा कल

नई दिल्ली (एसएनबी)। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की विशेष हाउसिंग योजना-2021 का ऑन लाइन ड्रा 15 दिसम्बर को होगा। इसकी तैयारी पूरी हो चुकी है। ड्रा का समय दोपहर बाद 3 बजे रखा गया है। आवेदन ऑन लाइन ड्रा को लाइव देख सकते हैं। इसके लिए उन्हें वेबएक्सआईडी 25109107937 पर 12345 पासवर्ड डालकर देखा जा सकता है। ऑन लाइन ड्रा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए एक निष्पक्ष पैनल बनाया गया है। पैनल में एक सेवानिवृत न्यायाधीश और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल है।

अमर उजाला नई दिल्ली | बुधवार, 14 दिसंबर 2

पूर्वी दिल्ली में दो दिन पेयजल आपूर्ति प्रभावित

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के कई इलाकों में जलाशयों की सफाई के कारण दो दिन तक पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार बुधवार व बृहस्पतिवार को डीडीए फ्लैट्स और एलआईजी फ्लैट मयूर विहार फेज-एक पॉकेट-चार, डीडीए फ्लैट्स एलआईजी झिलमिल, चिल्ला डीडीए फ्लैट्स, त्रिलोक पुरी के निकटवर्ती क्षेत्र, कल्याणपुरी, खिचड़ीपुर, कल्याणवास, आनंद विहार, एजीसीआर एन्क्लेव और आसपास का क्षेत्र, त्रिलोक पुरी, मयूर विहार फेज-तीन, पॉकेट जेएंडके बीपीएस, दिलशाद गार्डन, स्वास्थ्य विहार, शंकर विहार, चित्रा विहार, लक्ष्मी नगर, पीडी विहार, गगन विहार, गुजरात विहार, सुख विहार, गुरु अंगद नगर, नई कोंडली आदि इलाकों में पानी नहीं आएगा। ब्यूरो

डीडीए के फ्लैटों का ड्रॉ कल

नई दिल्ली। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने स्पेशल हाउसिंग स्कीम-2021 के प्रतिक्षारत आवेदकों को फ्लैटों के आवंटन के लिए बृहस्पतिवार को ड्रॉ निकालने का निर्णय लिया है। ड्रॉ रैंडम नंबर जेनरेशन सिस्टम पर आधारित होगा और स्वतंत्र पर्यवेक्षक की उपस्थिति में निकाला जाएगा। इसमें सेवानिवृत जज और भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। लोग वेब-एक्स के माध्यम से ड्रॉ का लाइव टेलीकॉस्ट देख सकेंगी। ब्यूरो

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 14 दिसंबर 2022

15 दिसंबर को डीडीए निकालेगा ड्रॉ

विस, नई दिल्ली : डीडीए अपनी स्पेशल हाउसिंग स्कीम 2021 की वेटलिस्ट में शामिल आवेदकों का ड्रॉ 15 दिसंबर को करेगा। यह ड्रा रेंडम नंबर जनरेशन सिस्टम के आधार पर किया जाएगा।

ड्रॉ रिटायर्ड जज और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों की निगरानी में होगा। डीडीए के अनुसार आम लोग इस ड्रॉ का लाइव टेलिकास्ट 15 दिसंबर को 3 बजे से वेबेक्स प्लैटफॉर्म पर देख सकते हैं। वेबेक्स की आईडी 2510 910 7937 और पासवर्ड 12345 रहेगा। यह स्कीम 23 दिसंबर 2021 में लॉन्च की गई थी और स्कीम में आवेदन 10 मार्च 2022 तक किए गए थे। स्कीम में 18335 फ्लैट्स थे। यह फ्लैट्स द्वारका, नरेला, रोहिणी, जसौला आदि जगहों पर थे। स्कीम में उन फ्लैट्स को शामिल किया गया, जो पिछली स्कीमों में बिक नहीं पाए थे।

हिन्दुस्तान
नई दिल्ली
बुधवार
14 दिसंबर 2022

आवासीय योजना के लिए 15 को ड्रॉ

नई दिल्ली, एजेंसी। डीडीए ने विशेष आवासीय योजना 2021 के तहत प्रतीक्षा सूची वाले आवेदकों के लिए फ्लैटों के आवंटन के वास्ते 15 दिसंबर को ड्रॉ निकालने का फैसला किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

डीडीए ने एक बयान में कहा कि यह ड्रॉ स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की मौजूदगी में होगा, जिनमें एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश और केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। बयान में कहा गया कि आम जनता 'वेब-एक्स' मंच के जरिये 15 दिसंबर को अपराह्न तीन बजे से ड्रॉ का सीधा प्रसारण देख सकती है।